p>**Title: Need to clear the proposal for construction of a bypass at National Highway No. 7 in Rewa District, Madhya Pradesh.**

श्री सुन्दर लाल तिवारी (रीवा) : उपाध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश के रीवा जिले के राट्रीय राजमार्ग सं.7 पर बाईपास का निर्माण कार्य पिछले लगभग 13 वार्ों से लम्बित है। यह मार्ग रीवा शहर के बीच से गुजरता है जहां बाजार, स्कूल, कालेज आदि के भवन हैं। इस मार्ग पर आ वागमन अत्यधिक व्यस्त रहता है और आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। दुर्घटनाओं की संख्या काफी अधिक है। स्थानीय जनता, व्यापारिक हितों, जान-माल की सुरक्षा और सुचारू आवागमन की दृटि से यह आवश्यक है कि उक्त बाईपास का निर्माण अविलम्ब किया जाए। इसके लिए भू-अर्जन का कार्य हो चुका है। निजी पूंजी निवेश के अन्तर्गत निर्माण हेतु अनुमानित प्राक्कलन 40.56 करोड़ रुपए का बनाकर मुख्य अभियंता, मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग, राट्रीय राजमार्ग, भोपाल द्वारा दिनांक 3 जुलाई, 2001 को भूतल परिवहन मंत्रालय को प्रेाित किया जा चुका है। इसकी स्वीकृति अभी अपेक्षित है। माननीय मंत्री जी ने पूर्व में इसको बी.ओ.टी. से बनाने का आश्वासन भी दिया था।

मेरा भूतल परवहन मंत्री जी से अनुरोध है कि राट्रीय राजमार्ग सं.7 पर बाईपास की उपयोगिता को देखते हुए इसे अविलम्ब स्वीकृति प्रदान करने की व्यवस्था करें।

____